**Solvay कर्मचारी शेयर क्रय योजना ("योजना")**

**नियम एवं शर्तें**

ये नियम एवं शर्तें उन शर्तों को निर्धारित करते हैं जिन पर, योजना में शामिल होने के लिए आवेदन देकर, आप ("**सहभागी**") योजना के नियमों के अधीन, परचेज्ड शेयरों (खरीदे गए शेयरों), लाभांश शेयरों, मैचिंग शेयरों और एक निःशुल्क शेयर (फ्री शेयर) को प्राप्त करने के लिए सहमत हैं।

इन नियमों और शर्तों में परिभाषित नहीं की गई लेकिन उपयोग की गई शर्तों का वही अर्थ है जो योजना के नियमों में है।

## सहभागी

### परचेज्ड शेयर

मैं, सहभागी, सहमति देता/देती हूं:

- योजना में भाग लेने के लिए;
- कि मेरा नियोक्ता अक्टूबर 2022 से शुरू होकर 12 माह तक मेरे शुद्ध वेतन में से प्रति माह उस राशि की कटौती कर सकता है जिसे मैंने शामिल होने का आवेदन देते समय इंगित किया था (स्थानीय मुद्रा में न्यूनतम €15 प्रति माह के बराबर और स्थानीय मुद्रा में अधिकतम €250 प्रतिमाह के);
- कि प्रत्येक कटौती Solvay SA ("**कंपनी**") द्वारा Global Shares Ireland Limited ("**नॉमिनी**") को मेरी ओर से परचेज्ड शेयर खरीदने के लिए उपयोग करने हेतु हस्तांतरित की जाएगी और उसे मेरे नियोक्ता, कंपनी, और/या नॉमिनी द्वारा थोड़े समय के लिए रखा जा सकता है जब तक कि परचेज्ड शेयर मासिक आधार पर खरीदे नहीं जाते;
- कि मेरे वेतन से की जाने वाली कटौती या मुझे प्राप्त होने वाले परचेज्ड शेयरों की संख्या में किसी भी वर्ष कमी कर दी जाएगी यदि योजना के लिए आवंटित 250,000 योजना शेयरों (प्लान शेयर्स) की सीमा पार हो जाती है;
- कि मैं किसी भी समय नॉमिनी से अपने परचेज्ड शेयरों के बारे में पूछ सकता/सकती हूं; और
- कि मेरे परचेज्ड शेयरों पर प्राप्त होने वाला कोई भी लाभांश स्वतः लाभांश शेयरों में पुनर्निवेशित हो जाएगा।

### मैचिंग शेयर

मैं, सहभागी, सहमति देता/देती हूं:

- मैचिंग शेयर अवार्ड (जो कि निहित अवधि के अंत में मैचिंग शेयर प्राप्त करने का एक अधिकार है) के रूप में योजना के तहत मुझे प्रदान किए गए मैचिंग शेयरों को स्वीकार करने की;

- कि मैचिंग शेयर उसी समय प्रदान किए जाएंगे जब जिन परचेज्ड शेयरों से वह संबंधित हैं उन्हें खरीदा जाता है;
- कि मैचिंग शेयर एक निहित अवधि के अधीन होंगे, जो कि 1 अक्टूबर 2022 से 30 सितंबर 2024 तक होगी;

- कि मैं तब तक अपने मैचिंग शेयरों को असाइन, चार्ज या अन्यथा निपटान नहीं कर सकता/सकती जब तक कि मुझे अपने मैचिंग शेयरों के निहित होने पर मैचिंग शेयर प्राप्त नहीं हो जाते।

- कि परचेज्ड शेयरों से मैचिंग शेयरों का अनुपात 2 के लिए 1 शेयर का होगा लेकिन इसमें कंपनी द्वारा बदलाव किया जा सकता है। यदि अनुपात में परिवर्तन होता है, तो कंपनी मेरे लिए परचेज्ड शेयर खरीदने से पहले मुझे सूचित करेगी;

- कि खरीदे गए शेयरों के लिए किसी भी माह में जिस न्यूनतम राशि का मैं योगदान दे सकता/सकती हूं वह मेरी स्थानीय मुद्रा में €15 से कम नहीं हो सकती;

- कि खरीदे गए शेयरों के लिए किसी भी माह में जिस अधिकतम राशि का मैं योगदान दे सकता/सकती हूं वह मेरी स्थानीय मुद्रा में €250 से अधिक नहीं हो सकती; या, यदि कम है, मेरे मासिक शुद्ध वेतन के 50% से अधिक नहीं हो सकती;

- कि मेरे मैचिंग शेयरों पर लाभांश प्राप्त नहीं होगा न ही लाभांश समकक्ष का भुगतान किया जाएगा; और

- कि मैं अपने मैचिंग शेयर खो दूंगा/दूंगी यदि:

    - मैं निहित समय समाप्त होने से पहले उन परचेज्ड शेयरों का विक्रय या निकासी करता/करती हूं जिनसे मैचिंग शेयर संबद्ध हैं; या

    - निहित अवधि समाप्त होने से पहले समूह द्वारा मेरा रोजगार समाप्त कर दिया जाता है बशर्ते समूह द्वारा मेरा नियोजन चोट, खराब स्वास्थ्य, विकलांगता, अतिरिक्तता, सेवानिवृत्ति, मृत्यु या मेरी नियोक्ता कंपनी या व्यवसाय के समूह का हिस्सा न रह जाने या उसके भीतर रहना बंद करने की वजह से खत्म नहीं किया जाता।

## निःशुल्क शेयर

मैं, सहभागी, सहमति देता/देती हूं:

- निःशुल्क शेयर अवार्ड (जो कि निहित अवधि के अंत में मैचिंग शेयर प्राप्त करने का एक अधिकार है) के रूप में योजना के तहत मुझे प्रदान किए गए निःशुल्क शेयरों को स्वीकार करने की;
- कि निःशुल्क शेयर 1 अक्टूबर 2022 को प्रदान किए जाएंगे;
- कि निःशुल्क शेयर एक निहित अवधि के अधीन होंगे, जो कि 1 अक्टूबर 2022 से 30 सितंबर 2024 तक होगी;
- कि मैं तब तक अपने निःशुल्क शेयरों को असाइन, चार्ज या अन्यथा निपटान नहीं कर सकता/सकती जब तक कि मुझे अपने निःशुल्क शेयरों के निहित होने पर निःशुल्क शेयर प्राप्त नहीं हो जाते;
- कि मेरे निःशुल्क शेयरों पर लाभांश प्राप्त नहीं होगा न ही किसी लाभांश समतुल्य का भुगतान किया जाएगा;
- कि मैं अपने निःशुल्क शेयर खो दूंगा/दूंगी यदि:
  - मैं निहित समय समाप्त होने से पहले उन परचेज्ड शेयरों का विक्रय या निकासी करता/करती हूं जिनसे निःशुल्क शेयर संबद्ध हैं; या
  - निहित अवधि समाप्त होने से पहले समूह द्वारा मेरा रोजगार समाप्त कर दिया जाता है बशर्ते समूह द्वारा मेरा नियोजन चोट, खराब स्वास्थ्य, विकलांगता, अतिरिक्तता, सेवानिवृत्ति, मृत्यु या मेरी नियोक्ता कंपनी या व्यवसाय के समूह का हिस्सा न रह जाने या उसके भीतर रहना बंद करने की वजह से खत्म नहीं किया जाता।

## उपजात (स्पिन-ऑफ)

मैं, प्रतिभागी, सहमत हूं और समझता/समझती हूं कि मेरे योजना में भाग लेने पर संभावित आंशिक डीमर्जर के फलस्वरूप मेरे परचेज्ड शेयरों, लाभांश शेयरों, मैचिंग शेयरों, निःशुल्क शेयरों, मैचिंग शेयर अवार्ड और एक निःशुल्क शेयर अवार्ड पर निम्नलिखित लागू हो सकते हैं, जो कि कंपनी द्वारा 15 मार्च, 2022 को की गई घोषणा के अनुरूप है कि वह स्पेशियलिटी व्यवसायों को SpecialtyCo ("उपजात") में उपजात यानी स्पिन-ऑफ करके कंपनी को अलग करने वाली योजनाओं की समीक्षा कर रही है:

  - नॉमिनी द्वारा मेरी ओर से धारित मेरे परचेज्ड शेयरों को कंपनी के अन्य शेयरधारकों के शेयरों के ही समान माना जाएगा और, तदनुसार, स्पिन-ऑफ के समय कंपनी में मेरी शेयरधारिता के अनुपात में

मुझे SpecialtyCo में शेयर ("SpecialtyCo Shares") प्राप्त होंगे। उपजात यानी स्पिन-ऑफ के पूरा होने पर, मेरी नॉमिनी के माध्यम से, कंपनी और SpecialtyCo Shares में शेयरधारिता होगी;

- मेरे मैचिंग शेयर अवार्ड और मेरे निःशुल्क शेयर अवार्ड को कंपनी के बोर्ड द्वारा योजना के नियमानुसार संशोधित किया जा सकता है, जिसमें उन मैचिंग शेयरों या निःशुल्क शेयरों की संख्या में समायोजन शामिल हो सकता है, जिनके लिए मैं ऐसे अवार्डों के अंतर्गत और/या SpecialtyCo Shares में अधिकार देने वाले इस तरह के मैचिंग शेयर अवार्ड या निःशुल्क शेयर अवार्ड के परिणामस्वरूप हकदार हूं, जो कि उन मैचिंग शेयरों और/या निःशुल्क शेयरों के संपूर्ण या हिस्से में बदलाव के अलावा है, जिनके लिए मैं ऐसे अवार्डों के अंतर्गत हकदार हूं;

- स्पिन-ऑफ के संबंध में SpecialtyCo शेयरों को यूरोपीय संघ के विनियमित बाजार में कारोबार करने के लिए दाखिल कराया जाएगा, लेकिन ऐसे SpecialtyCo शेयरों की बाजार कीमत के बारे में कोई गारंटी नहीं दी जा सकती है, जो कि काफी घट-बढ़ सकते हैं और कारोबार में दाखिल होने के बाद घट सकते हैं, न ही इस बात की गारंटी कि कारोबार में दाखिल होने के बाद एक सक्रिय और तरल कारोबारी बाजार विकसित किया या बनाए रखा जाएगा; और

- स्पिन-ऑफ मेरे परचेज्ड शेयरों, लाभांश शेयरों, मैचिंग शेयरों, निःशुल्क शेयरों, मैचिंग शेयर अवार्ड और/या निःशुल्क शेयर अवार्ड के कर संबंधी व्यवहार को प्रभावित कर सकता है और मुझे उपजात यानी स्पिन-ऑफ के पूरा होने से पहले कंपनी द्वारा कर संबंधी व्यवहार को लेकर सलाह दी जाएगी।

## लागू प्रतिभूति कानूनों और विनियमों का अनुपालन

मैं, प्रतिभागी, सहमत हूं और समझता/समझती हूं कि, यदि:

- मेरे पास बाजार दुरुपयोग को लेकर 16 अप्रैल, 2014 के विनियम (EU) 596/2014 (यथासंशोधित, बाजार दुरुपयोग विनियम) के अर्थ में अंदरूनी जानकारी है; या

- मुझे सूचित किया गया है कि मुझे बाजार दुरुपयोग विनियम के अनुच्छेद 18 के अनुसार तैयार की गई भेदिया सूची (इनसाइडर लिस्ट) या लागू प्रतिभूति कानूनों के अनुपालन के लिए तैयार किसी अन्य सूची में शामिल किया गया है; या

- मुझे ग्रुप के जनरल काउंसल की ओर से एक नोटिस मिला है जो कि मेरे लिए एक निश्चित अवधि के दौरान कंपनी द्वारा जारी प्लान शेयरों और/या किन्हीं भी प्रतिभूतियों से संबंधित लेनदेन में दाखिल होने के लिए निषेध का पालन करना आवश्यक बनाता है (जैसे कि, उदाहरण के लिए बंद अवधियां और कंपनी की व्यवहार संहिता यानी डीलिंग कोड में यथा परिभाषित निषिद्ध अवधियां);

तो फिर मैं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, कंपनी के शेयरों, प्लान शेयरों, निःशुल्क शेयर अवार्ड और/या मैचिंग शेयर अवार्ड से संबंधित किसी भी लेनदेन में दाखिल नहीं हूंगा/हूंगी, या कोई निर्णय नहीं करूंगा/करूंगी, और न ही मैं पूर्वगामी के संबंध में कोई निर्धारण या चुनाव (उदाहरण के लिए, योजना के अंतर्गत कोई योगदान देना बंद करने सहित) करूंगा/करूंगी, जब तक कि:

- मैंने इस तरह के लेनदेन में दाखिल होने या ऐसा कोई निर्णय, निर्धारण या चुनाव करने से पहले ग्रुप के जनरल काउंसल (या कंपनी के किसी भी प्रतिनिधि जिसे ग्रुप के जनरल काउंसल द्वारा नामित किया जा सकता है) के साथ परामर्श न किया हो; और

- मुझे ग्रुप के जनरल काउंसल (या ग्रुप के जनरल काउंसल द्वारा नामित Solvay के प्रतिनिधि/प्रतिनिधियों) से लिखित रूप में स्पष्ट पुष्टि प्राप्त न हो गई हो कि मैं इस तरह के लेनदेन में दाखिल हो सकता/सकती हूं या ऐसा कोई निर्णय, निर्धारण या चुनाव कर सकता/सकती हूं (किसी भी ऐसी शर्त के अधीन जिन्हें लिखित व्यक्त पुष्टिकरण में प्रदान किया जा सकता है)।

मैं, प्रतिभागी, सहमत हूं और समझता/समझती हूं कि पूर्वगामी के अनुसार ग्रुप के जनरल काउंसल (या ग्रुप के जनरल काउंसल द्वारा नामित Solvay के प्रतिनिधि/प्रतिनिधियों) द्वारा जारी कोई भी लिखित व्यक्त पुष्टिकरण मुझे विचारित लेनदेन में दाखिल होने या विचारित निर्णय, निर्धारण या चुनाव करने की वैधता और सलाह पर अपनी राय बनाने के मेरे दायित्व से मुक्त नहीं करेगा, और यह कि उसके परिणामों के लिए मेरी पूरी तरह और विशेष रूप से जिम्मेदारी होगी।

## सामान्य

मैं, सहभागी, सहमति देता/देती हूं:

- कि योजना में भाग लेने से मेरे रोजगार अनुबंध के तहत मेरे अधिकार, कानूनी हक और दायित्व प्रभावित नहीं होते, और अगर मेरा रोजगार समाप्त हो जाता है तो मुझे मुआवजे या नुकसान के लिए कोई अधिकार या अतिरिक्त अधिकार नहीं मिलता; और

- कि नॉमिनी को मेरे योजना शेयरों के संबंध में किसी कर दायित्व का भुगतान करने के लिए मेरे कुछ या सभी योजना शेयरों को बेचने की अनुमति है, जब तक कि मैं नॉमिनी या कंपनी को इन राशियों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त निधि अग्रिम में नहीं दे देता/देती।

मैं, सहभागी, समझता/समझती हूं कि:

- योजना शेयरों के मूल्य में गिरावट के साथ-साथ वृद्धि भी हो सकती है और हो सकता है कि मैं मूल रूप से निवेश की गई संपूर्ण राशि वापस प्राप्त न कर सकूं;

- यदि किसी भी माह में मेरी परचेज्ड शेयर राशि एक पूरा परचेज्ड शेयर खरीदने के लिए अपर्याप्त है, तो नॉमिनी परचेज्ड शेयर की ऐसी राशि को आगे ले जाएगा (कैरी फारवर्ड) और ऐसी राशि को परचेज्ड शेयरों की किसी भविष्य की खरीद के लिए इस्तेमाल करेगा।

- यदि समूह द्वारा मेरा नियोजन बंद कर दिया जाता है तो मेरी ओर से नॉमिनी द्वारा रखा गया परचेज्ड शेयर खरीदने का बचा हुआ कोई भी धन मुझे वापस कर दिया जाएगा;

- मुझे मैचिंग शेयर केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब दो पूरे परचेज्ड शेयर खरीदने के लिए पर्याप्त परचेज्ड शेयर संबंधी धन होगा;

- यदि मेरे परचेज्ड शेयरों पर प्राप्त कोई लाभांश एक पूरा लाभांश शेयर खरीदने के लिए अपर्याप्त है, तो नॉमिनी लाभांश की ऐसी राशि को आगे ले जाएगा (कैरी फारवर्ड) और ऐसी राशि को लाभांश शेयरों की किसी भविष्य की खरीद के लिए इस्तेमाल करेगा।

- यदि मेरी स्थानीय मुद्रा यूरो नहीं है, तो मैं पहली बार परचेज्ड शेयर संबंधी धन का योगदान देने से पहले कंपनी द्वारा निर्धारित विनिमय दर के आधार पर मेरी स्थानीय मुद्रा में परचेज्ड शेयर संबंधी धन का योगदान दूंगा/दूंगी;

- यदि मुझे योजना के तहत कोई निधि प्राप्त होती है, जिसमें बिक्री से होने वाली आय भी शामिल है, तो मैं ऐसी सभी निधियां (फंड्स) भारत में प्रत्यावर्तित करूंगा/करूंगी और उन्हें विदेश में नहीं रखूंगा/रखूंगी;

- योजना पहली बार परचेज्ड शेयर खरीदे जाने की तारीख से शुरू होकर 12 माह की अवधि तक चलेगी (परचेज्ड शेयर शेयर संबंधी धन के 12 योगदानों की अनुमति); और

- कंपनी किसी भी समय योजना में बदलाव कर सकती है या उसे समाप्त कर सकती है।

डेटा संरक्षण

मैं, सहभागी, सहमति देता/देती हूं कि:

- यदि मैं यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र या यूनाइटेड किंगडम से बाहर नियोजित हूं और लागू स्थानीय कानूनों के तहत मेरे व्यक्तिगत डेटा के एकत्रण, प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) या हस्तांतरण के लिए सहमति चाहिए, तो योजना में भाग लेकर, मैं योजना के उद्देश्य के लिए सहमति प्रदान करता/करती हूं।

- सामान्य डेटा संरक्षण विनियम (General Data Protection Regulation) (EU) 2016/679 और किसी यूके या अन्य कानूनी या विनियामक समतुल्य के अनुपालन के उद्देश्य के लिए, कंपनी प्रसंस्करण के आधार सहित मेरे व्यक्तिगत डेटा के संग्रह, प्रसंस्करण और हस्तांतरण के बारे में मुझे अलग से जानकारी प्रदान करेगी।

**कंपनी**

कंपनी सहमति देती है:

- कि योजना के नियमों के अनुसार, मेरे लिए परचेज्ड शेयरों को खरीदने की व्यवस्था करेगी;

- योजना के नियमों के अनुसार, मेरे द्वारा खरीदे गए प्रत्येक 2 परचेज्ड शेयरों के लिए 1 मैचिंग शेयर प्रदान करेगी;

- मुझे निःशुल्क शेयर प्रदान करेगी; और

- योजना के नियमों के अनुसार परचेज्ड शेयरों, लाभांश शेयरों, मैचिंग शेयरों, निःशुल्क शेयरों, मैचिंग शेयर अवार्ड और निःशुल्क शेयर अवार्ड के संबंध में कोई भी अन्य कार्रवाई करेगी।

**नॉमिनी**

नाॉमिनी सहमति देता है:

- कि मेरे वेतन से होने वाली कटौती का उपयोग करके मेरे लिए परचेज्ड शेयर खरीदेगा; और

- निहित होने पर मैचिंग शेयरों और निशुल्क शेयरों की आपूर्ति करेगा।